# प्रादेशिक समाचार एकांश
# आकाशवाणी भोपाल

दिनांक– 04/08/2024 समयः 7.10पीएम

**मुख्य समाचार :–**

- **सागर में दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत, दो अधिकारियों को किया निलंबित।**
- **मुख्यमंत्री ने की मक्सी को तहसील बनाने की घोशणा। शाजापुर में नये अस्पताल परिसर का किया लोकार्पण।**
- **प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी, मुख्यमंत्री ने सतर्कता बरतने के दिए निर्देश।**
- **हरियाली अमावस्या के अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।**

**शाजापुर–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मक्सी को तहसील बनाने की घोषणा की है। आज जिला चिकित्सालय, शाजापुर में नवनिर्मित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की। उन्होंने इस अवसर शाजापुर में फूड इंडस्ट्री खोलने की भी जानकारी दी। जिला अस्पताल शाजापुर में 20 करोड़ रूपये की लागत से बने इस 100 बेड वाले मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र से एक ही जगह पर स्त्री और शिशु रोग संबंधी इलाज की सारी सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर देवास–शाजापुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी  राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

**बाढ़–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में हो रही लगातार बारिश को देखते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन को सजगता और सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करें। साथ ही आवश्यकता होने पर तत्काल आमजनता को आगाह किया जाए, जिससे कहीं भी कोई दुर्घटना न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रपटों और पुलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि तमाम सावधानियां के बाद भी यदि कोई घटना और दुर्घटनाएं होती हैं, तो ऐसे मामलों में प्रभावित परिवारों को समय पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। प्रदेश में अब तक औसत से 14 प्रतिषत अधिक बारिश हो चुकी है। इस मॉनसून में अभी तक हुई जन और पशु हानि और मकानों में क्षति के मामलों में राहत राशि तत्काल वितरण करने के निर्देश दिये गए हैं। इसके लिये जिलों में पर्याप्त बजट भी उपलब्ध करवाया गया है। वर्तमान में फसल को कोई नुकसान नहीं हुआ है। कटनी जिले की ढीमरखेड़ा तहसील में बाढ़ प्रभावितों के लिए 02 कैम्प संचालित है, जिसमें कुल 290 लोगों को रखा गया हैं। सागर जिले में 01 कैम्प संचालित है, जिसमें 25 लोगों को रखा गया है।

**पाठ्यक्रम–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान सहस्त्रबाहु के पराक्रम और गौरवशाली इतिहास की जानकारी युवाओं को देने के लिए इसे पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह घोषणा आज भोपाल के मंदाकिनी नगर कोलार रोड स्थित जेके मेडिकल कॉलेज में अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा के 89वें स्थापना दिवस समारोह में की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत के पराक्रमी शासक और महापुरुष विनम्रता और राष्ट्रप्रेम के गुणों के लिये याद किए जाते हैं। इनके जीवन और कार्यों की जानकारी आज की पीढ़ी को भी मिलना चाहिए। कार्यक्रम में भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय भी उपस्थित थीं।

**बारिश/मौसम**

प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने  रायसेन, सीहोर, रतलाम, देवास, आगरमालवा, मंदसौर, नीमच, दमोह, सागर और कटनी जिलों के लिये अतिभारी बारिष का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 19 जिलों के लिए भारी बारिष का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें उज्जैन, इंदौर, षाजापुर षामिल हैं। भोपाल, बुरहानपुर, गुना सहित 26 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच पिछले 24 घंटों में कटनी में सर्वाधिक 235 दषमल 4 मिलीमिटर

बारिष दर्ज की गई। बारिश से प्रदेश की सभी छोटी–बड़ी नदियां उफान पर हैं। 10 बड़े बांध फुल हो चुके हैं। अशोकनगर जिले में भारी बारिश का दौर जारी है। राजघाट बांध के 16 गेट खोले गए है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला चंदेरी ललितपुर मार्ग पुल पर आवागमन बाधित हुआ है। पन्ना जिल में पिछले दो दिनों से बारिश का दौर जारी हे। केन नदी उफान पर चल रही है। जिससे शाहनगर बोरी मार्ग बीते दो दिनों से अवरूद्ध हे। आगरमालवा जिले में आज सुबह से ही बारिश का दौरान जारी है जिले में अभी तक 24 इंच बारिश दर्ज की गई है। शहडोल जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते ब्यौहारी के झरप नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे लगभग 50 गांवों का संपर्क ब्यौहारी विकासखंड मुख्यालय से टूट गया है।

## सागर हादसा

सागर जिले के शाहपुर में आज सुबह एक दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने शाहपुर नगर परिषद के प्रभारी सीएमओ और उप यंत्री को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मुख्मयमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए अपने संदेश में कहा कि सागर जिले अंतर्गत नगर परिषद शाहपुर में जर्जर मकानों को चिन्हित करते हुए नोटिस भी जारी किए गए थे किंतु संबंधित अधिकारियों द्वारा स्थानीय प्रशासन को अवगत नही कराया गया। इस लापरवाही में दोषी पाए दो अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर में जर्जर भवनों को चिन्हित करके विधिसम्मत कार्यवाही की करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री ने मृतक बच्चों के परिजनों को शासन की तरफ से 4 –4 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि आज सुबह सागर जिले के शाहपुर में हरदौल मंदिर में पार्थिव शिवलिंग बनाने के लिए आठ से 14 साल के बच्चे भी बड़ी संख्या में पहुंचे। तभी मंदिर परिसर में करीब पचास साल पुरानी एक कच्ची दीवार भराभरा कर बच्चों के ऊपर गिरी, जिससे करीब 9 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई और चार घायल है। घटना की जानकारी मिलते ही खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक गोपाल भार्गव मौके पर पहुंचे थे।

## हरियाली अमावस्या/श्रावण सोमवार

आज हरियाली अमावस्या है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी शिव मंदिरों में सुबह से भक्तजन दर्शन और पूजन करने पहुंच रहे हैं। आगरमालवा के प्रसिद्ध, श्रीबैजनाथ महादेव मंदिर पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। वही जिलेभर तथा बाहर से भी कांवड यात्राएं के भक्तजन भी बाबा बैजनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। इस बीच श्रावण मास के तीसरे सोमवार को कल उज्जैन में बाबा महाकाल की सवारी निकाली जाएगी। भक्तों को तीन रूपों चंद्रमौलेश्वर,मन महेश तथा शिव तांडव स्वरूप में दर्शन देंगे। साथ ही 1500 डमरू वादक एक साथ डमरू बजाकर विश्व रिकार्ड बनाएंगे। इस बीच आज उज्जैन में महाकाल दर्शन करने वालों का सिलसिला जारी है आज सुबह तक शहर में करीब 2 लाख बाहरी श्रद्धालु आ गए थे। संभावना है कि सोमवार सुबह तक शहर में करीब 3 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके होंगे।

मंदसौर में हरियाली अमावस्या का पर्व धूमधाम से मनाया गया । आमजन घर में मालवा का प्रसिद्ध व्यंजन मालपूए बनाएं और धरती मां को भोग लगाकर सुख सम्रद्धि की कामना करते हुए खुशियां मनाई अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में श्रृंगार किया गया । कल सावन के तीसरे सोमवार को मंदिर में विशेष आयोजन होंगे। निमाड़ में आज जिरोती अमावस्या मनाई गई इस दिन निमाड़ में घर के दरवाजे के आसपास की दो दीवारों पर जिरोती बनाई गई।

## आभार सह उपहार

प्रदेश में लाडली बहनों के लिए रक्षाबन्धन एवं श्रावण उत्सव की तर्ज पर आभार सह उपहार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी मे आज हरियाली अमावस्या पर पीएम श्री शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय झाबुआ कार्यक्रम हुआ। यहां महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया उपस्थित रही। मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने बताया कि महिलाओं को स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिमाह उन्हें 1250 रुपये की राशि दे रही है। इस बार रक्षाबंधन के अवसर पर 10 तारीख को लाडली बहनों के खातों में राशि अंतरित की जाएगी। साथ ही उन्हें उपहार स्वरूप 250 रुपये की अलग से राशि दी जायेगी। उन्होंने कहा कि भाई–बहन के प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन के अवसर पर यह मुख्यमंत्री का बहनों के लिए उपहार है।

**समाचार संक्षेप**

- कोलंबों में भारत और श्रीलंका के बीच दूसरे एक दिवसीय मैच में श्रीलंका ने भारत को 241 रनों का लक्ष्य दिया है। भारत की ओर से वासिंगटन सुंदर ने 3 विकेट लिए।
- गुना कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में समय–सीमा एवं साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया जायेगा। बैठक में सर्व–संबंधितों को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया है।
- खंडवा में जन्मे महान पार्श्व गायक किशोर दा की आज जन्मजयंती होने से दूरदराज से सैकड़ों प्रेमी उनकी समाधि पर जुटे। यहां सबने पुष्प अर्पित किए।
- नीमच जिले में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत ने मनासा गौशाला में आयोजित हरियाली महोत्सव के तहत साढे पांच हजार पौधारोपण कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

---------------------

(1) शाजापुर-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मक्सी को तहसील बनाने की घोषणा की है। आज जिला चिकित्सालय, शाजापुर में नवनिर्मित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की। उन्होंने इस अवसर शाजापुर में फूड इंडस्ट्री खोलने की भी जानकारी दी। जिला अस्पताल शाजापुर में 20 करोड़ रूपये की लागत से बने इस 100 बेड वाले मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र से एक ही जगह पर स्त्री और शिशु रोग संबंधी इलाज की सारी सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर देवास-शाजापुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

(2) बाढ़-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में हो रही लगातार बारिश को देखते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन को सजगता और सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करें। साथ ही आवश्यकता होने पर तत्काल आमजनता को आगाह किया जाए, जिससे कहीं भी कोई दुर्घटना न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रपटों और पुलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि तमाम सावधानियां के बाद भी यदि कोई घटना और दुर्घटनाएं होती हैं, तो ऐसे मामलों में प्रभावित परिवारों को समय पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। प्रदेश में अब तक औसत से 14 प्रतिषत अधिक बारिश हो चुकी है। इस मॉनसून में अभी तक हुई जन और पशु हानि और मकानों में क्षति के मामलों में राहत राशि तत्काल वितरण करने के निर्देश दिये गए हैं। इसके लिये जिलों में पर्याप्त बजट भी उपलब्ध करवाया गया है। वर्तमान में फसल को कोई नुकसान नहीं हुआ है। कटनी जिले की �ीमरखेड़ा तहसील में बाढ़ प्रभावितों के लिए 02 कैम्प

संचालित है, जिसमें कुल 290 लोगों को रखा गया हैं। सागर जिले में 01 कैम्प संचालित है, जिसमें 25 लोगों को रखा गया है।

(3) सागर- हादसा

सागर जिले के शाहपुर में आज सुबह एक दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने शाहपुर नगर परिषद के प्रभारी सीएमओ और उप यंत्री को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मुख्मयमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए अपने संदेश में कहा कि सागर जिले अंतर्गत नगर परिषद शाहपुर में जर्जर मकानों को चिन्हित करते हुए नोटिस भी जारी किए गए थे किंतु संबंधित अधिकारियों द्वारा स्थानीय प्रशासन को अवगत नही कराया गया। इस लापरवाही में दोषी पाए दो अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर में जर्जर भवनों को चिन्हित करके विधिसम्मत कार्यवाही की करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री ने मृतक बच्चों के परिजनों को शासन की तरफ से 4 -4 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि आज सुबह सागर जिले के शाहपुर में हरदौल मंदिर में पार्थिव शिवलिंग बनाने के लिए आठ से 14 साल के बच्चे भी बड़ी संख्या में पहुंचे। तभी मंदिर परिसर में करीब पचास साल पुरानी एक कच्ची दीवार भराभरा कर बच्चों के ऊपर गिरी, जिससे करीब 9 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई और चार घायल है। घटना की जानकारी मिलते ही खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक गोपाल भार्गव मौके पर पहुंचे थे।

(4) आभार सह उपहार

प्रदेश में लाडली बहनों के लिए रक्षाबन्धन एवं श्रावण उत्सव की तर्ज पर आभार सह उपहार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी मे आज हरियाली अमावस्या पर पीएम श्री शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय झाबुआ कार्यक्रम हुआ। यहां महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया उपस्थित रही। मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने बताया कि महिलाओं को स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिमाह उन्हें 1250 रुपये की राशि दे रही है। इस बार रक्षाबंधन के अवसर पर 10 तारीख को लाडली बहनों के खातों में राशि अंतरित की जाएगी। साथ ही उन्हें उपहार स्वरूप 250 रुपये की अलग से राशि दी जायेगी। उन्होंने कहा कि भाई-बहन के प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन के अवसर पर यह मुख्यमंत्री का बहनों के लिए उपहार है।